**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 22 मई 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- हरियाणा में मतदान के लिए 20 हज़ार 31 मतदान केंद्र बनाये गए। पिंक बूथ पर सभी वर्गों के मतदाता कर सकेंगे मतदान।
- रक्षा मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने अनुच्छेद-370 और राम मंदिर का ज़िक्र करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वो करती है।
- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी संविधान में मिले आरक्षण को खत्म करना चाहती है।
- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने डी.एल.एड. की प्रवेश, प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया।

.............................................................................................

हरियाणा में 25 मई को मतदान के लिए कुल 20 हज़ार 31 मतदान केंद्र बनाये गए हैं, जिनमें 19 हज़ार 812 स्थाई एवं 219 अस्थाई केंद्र हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि 5 हज़ार 70 मतदान केंद्र शहरी क्षेत्रों में और 14 हज़ार 342 मतदान केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में बनाये गए हैं। श्री अग्रवाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पिंक बूथ, युवा बूथ एवं दिव्यांगों द्वारा संचालित मतदान केंद्र भी बनाये गए हैं और जानकारी देते हुए श्री अनुराग अग्रवाल ने बताया की:-

हरियाणामें 99 पिंक बूथ, 96 युवा बूथ और 71 दिव्यांगों द्वारा संचालित बूथ बनाये गए हैं।

.............................................................................................

रक्षा मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठए नेता राजनाथ सिंह ने आज कैथल जिले के कलायत में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया और जनता से कुरूक्षेत्र लोकसभा हलके से बीजेपी प्रत्याशी नवीन जिंदल को जिताने की अपील की।

रैली मे भारतीय जनता पार्टी की नीतियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी जो कहती है वो करती है। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि चाहे अनुच्छेद 370 हटाने का मामले हो या राम मंदिर के निर्माण का सभी उदाहरण जनता के सामने हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब पहले वाला भारत नहीं रहा। भारत एक नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है।

उन्हों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो लोग कांग्रेस को दिन रात कोसते थे अब उसी की गोद में जाकर बैठ गए है। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि चाहे अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार हो या मोदी की सरकार हो बी जे पी की सरकारों में भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे, जबकि मनमोहन सिंह की सरकार में मंत्रियों को भी जेल की हवा खानी पड़ी थी।

श्री राजनाथ सिंह ने नवीन जिंदल के लिए कहा कि वे पैसे वाले ऐसे आदमी नहीं है। जो अपने लिए जीते है। नचीन जिंदन देश के लिए जीते है। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि नवीन जिंदल ही हैं जिन्हों ने तिरंगे के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी है।

..............................................................................................

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज कालका में अंबाला लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में रोड शो निकाला।

रोड शो में बी जे पी की स्टार प्रचारक एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानाथी श्री निवासन, बी जे पी प्रत्याशी बंतो कटारिया, कालका की पूर्व

विधायक लतिका शर्मा एवं जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने भाग लिया । इस दौरान महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानाथी श्री निवासन ने सभी मतदाताओं से 25 मई को भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी बंतो कटारिया को विजयी बनाने की अपील की ।

..........................................................................................

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज चरखी दादरी में भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार राव दान सिंह के लिए समर्थन जुटाने के लिए एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी सविंधान में मिले आरक्षण को ख़त्म करना चाहती है। राहुल गाँधी ने कहा कि आजादी के बाद देश का संविधान बनाते समय बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी व जवाहरलाल नेहरू ने हर वर्ग के लिए आरक्षण की व्यवस्था की थी।

श्री गांधी ने अग्निवीर योजना को भारतीय सेना की योजना न होकर प्रधानमंत्री कार्यालय की योजना बताते हुए कहा कि केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को बंद किया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अडानी और अंबानी को सीधे लाभ पहुंचाने और देश के 22 अरबपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये का ऋण माफ करने का आरोप लगाया । उन्होंने कहा कि वे किसानों का ऋण माफ करेंगे।

राहुल गांधी ने हरियाणा में कांग्रेस व इंडी गठबंधन की आंधी चलने का दावा किया और लोगों से भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों से जिताने की अपील की। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया तथा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने भी रैली को सम्बोधित किया ।

..........................................................................................

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने आज डी एल ऐड के प्रवेश, प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया है।

शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वी पी यादव ने भिवानी में पत्रकार वार्ता में बताया कि आज जो परिणाम घोषित किये गए हैं उनमें 2019-21, 2020-22 और 2021-23 की प्रवेश वर्ष 2022-24 की प्रथम वर्ष की रि-अपीयर एवं विशेष अवसर परीक्षा और 2019-21, 2020-22 की द्वितीय वर्ष की रि-अपीयर और विशेष अवसर की परीक्षा शामिल है। डॉ. यादव ने बताया :-

परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

.............................................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज करनाल में अनेक स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित किया और लोगों से बी जे पी प्रत्याशी मनोहर लाल को वोट देने की अपील की।

मुख्यमंत्री करनाल में महर्षि कश्यप के जयंती समारोह में भी शामिल हुए और प्रदेशवासियों को महर्षि कश्यप जयंती पर शुभकामनायें दी।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश मे बीजेपी के पक्ष में माहौल है और उल्हें अब बस 25 मई का इंतजार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में सुरक्षित है।

श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर चल रहे मामलों बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ जो भी आरोप है अदालत मे कार्रवाई चल रही है।

.............................................................................................

पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने आज पलवल में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बी.जे.पी. को जिताने के लिए लोकसभा क्षेत्रों में मजबूत प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारे। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने बी जे पी के साथ

सीबीआई व प्रवर्तन निदेशालय की जांच नहीं करने के नाम पर सांठगांठ कर ली है। दुष्यंत चौटाला आज पलवल में फरीदाबाद लोकसभा प्रत्याशी नलिन हुड्डा के समर्थन में चुनाव प्रचार के उपरांत पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

शराब घोटाले की जांच पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उन्होंने जांच के लिए कभी मना नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पिछले 4 सालों में चार बार जांच की गई है।

श्री चौटाला ने कहा कि जननायक जनता पार्टी का विरोध करने वालों में कांग्रेस व इनेलो पार्टी के पदाधिकारी शामिल थे।

..............................................................................................